State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्रमांक / बी.एड. / प्रवेश / 2014–15 /3147 रायपुर दिनांक 25/8/2014

बी.एड.पाठ्यक्रम 2014–15 हेतु प्रतीक्षा सूची के लिए दिशा–निर्देश व सूचना

——00——

परिषद् द्वारा राज्य के 02 शासकीय, 01 अशासकीय अनुदान प्राप्त व ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया 2014 में सम्मिलित, 130 गैर अनुदान प्राप्त निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2014–15 के तीन चरणों के आंबटन प्रक्रिया पश्चात् शेष रिक्त सीटों के लिए प्रतीक्षा सूची MKCL के वेबसाइटं http:/oasis.mkcl.org/cgbed 2014 में जारी किया जायेगा। इस प्रतीक्षा सूची में रिक्त सीटों में प्रवेश के इच्छुक ऐसे अभ्यर्थी–

1. जिन्होंने पूर्व में विकल्प फार्म भरा है और उन्हें कोई महाविद्यालय आबंटित नहीं हुआ है।
2. जिन्होंने पूर्व में विकल्प फार्म भरा है तथा तीसरे चरण में आबंटित महाविद्यालय में अपना चयन नियमानुसार निरस्त कराया है।

कहीं से भी इंटरनेट का उपयोग कर MKCL के उपरोक्त बेबसाइट में प्रवेश कर प्रतीक्षा सूची के लिए पंजीयन का विकल्प चयन कर तथा अपना विकल्प फार्म submit कर प्रतीक्षा सूची में चयन हेतु अपना पंजीयन निःशुल्क दिनांक 28/08/2014 से 02/09/2014 तक करा सकते हैं। इस प्रतीक्षा सूची हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची प्रतीक्षा सूची में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 04/09/14 को MKCL के वेबसाइट में जारी किया जायेगा। प्रतीक्षा सूची में अभ्यर्थियों के नाम,फार्म क्रमांक तथा संयुक्त एकीकृत रैंक अंकित रहेगा।

इस चरण में छात्रों व महाविद्यालयों/संस्थाओं के लिए निम्नलिखित दिशा निर्देश तय किये गये हैं–

1. प्रतीक्षा सूची में तीसरे चरण पश्चात महाविद्यालयों/संस्थाओं में रिक्त सीटों के तीन गुना छात्रों की सूची मेरिट के क्रम में जारी की जायेगी।
2. अभ्यर्थी दिनांक 04/09/2014 की स्थिति में विभिन्न महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की जानकारी MKCL के वेबसाइट से प्राप्त कर लें।
3. दिनांक 02/09/2014 को तीसरे चरण का प्रवेश समाप्त हो जायेगा। इसके पश्चात् यदि किसी महाविद्यालय में सीटें रिक्त रहती हैं तो इस प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी मेरिट के आधार पर अपनी पसंद के महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं।
4. प्रवेश के लिए इच्छुक इस प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी को अपनी पसंद के शिक्षा महाविद्यालय में जहां सीट्स रिक्त हो, रिक्त सीटों के लिए निर्धारित तिथि 05/09/14 से 10/09/14 तक online आवेदन करना होगा।
5. यदि आवेदन रिक्त सीटों से अधिक प्राप्त होता है तो मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी को महाविद्यालय में प्रवेश दिया जायेगा तथा संस्था/महाविद्यालय अपने login में उस

अभ्यर्थी के नाम के सामने admitted विकल्प को click करेंगे। इसके पश्चात् ही अस्थायी आबंटन पत्र MKCL के वेबसाइट से ही डाउन लोड कर सकेंगे।

6. यदि कोई अभ्यर्थी दो या दो से अधिक संस्था में आवेदन करता है तथा मेरिट के आधार पर उसका चयन दोनों महाविद्यालयों में होता है तो वह अभ्यर्थी अपनी पंसद से किसी एक महाविद्यालय में प्रवेश लेगा।

7. ऐसी स्थिति में दूसरा महाविद्यालय प्रतीक्षा सूची में से ही बाद के मेरिट क्रम में आने वाले अभ्यर्थी को प्रवेश दे सकेंगे।

8. इस चरण में मेरिट का पालन करने की सम्पूर्ण जवाबदारी महाविद्यालय/संस्था की होगी तथा मेरिट अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर उक्त संस्था/महाविद्यालय के विरुद्ध आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

9. विभिन्न संस्थाओं और महाविद्यालयों में प्रवेशित तथा पूर्व चरणों में जिन्होंने विकल्प फार्म नहीं भरा है वे इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकेंगे अर्थात किसी प्रकार का नया पंजीयन इस चरण में नहीं किया जायेगा।

10. शेष कार्यक्रम पत्र क्रमांक 2713 दिनांक 04.08.2014 द्वारा जारी विज्ञापन अनुसार ही रहेंगे।

(संजय कुमार ओझा)
संचालक